समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# अमृतसर के सैन्य ठिकाने की तरफ आ रही थी पाक की मिसाइल, भारत के सुदर्शन चक्र ने हवा मे हीं कर दी तबाह।

Publisher

Published on 08 May 2025



**अमृतसर मे भारत के एयरडिफेसं सिस्टम एस-400 सुदर्शन चक्र ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइस को तबाह कर दिया. पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को टारगेट करने की नाकाम कोशिश की थी.**

भारत की ओर से आतंकी ठिकानों पर किए गए एयरस्ट्राइक के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने इंडियन आर्मी के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की. पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को टारगेट करने की कोशिश की थी, जिसमें से 7 शहर पंजाब के थे. भारत के एस-400 ने आसमान में ही पाकिस्तान के मिसाइल को तबाह कर दिया.

पाकिस्तान ने जिस 15 शहरों को निशाने पर लेने की कोशिश की थी, उसमें बॉर्डर से सटा हुआ शहर अमृतसर भी था. अमृतसर में ही भारत के एयरडिफेंस सिस्टम एस-400 सुदर्शन चक्र ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइस को तबाह कर दिया. भारतीय सेना के शौर्य का वीडियो सामने आया है. जिसमें नजर आ रहा है कि रात में अचानक आसमान में एक चमक नजर आ रही होती है और भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम उसे वहीं तबाह कर देता है.

पाकिस्तान ने 07-08 मई 2025 की रात को ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की नाकाम कोशिश की.

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को भी ढेर किया है. बीएसएफ ने फिरोजपुर सेक्टर में पाकिस्तानी शख्स को 7-8 मई की दरमियानी रात को मार गिराया. अधिकारियों ने बताया कि वह अंधेरे में जानबूझकर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करता हुआ पाया गया था.

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने गुरुवार (8 मई 2025) को दोनों देशों से संयम बरतने और तनाव को कम करने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.